आज जनपद बलरामपुर में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के निरीक्षण के बाद वहां के राहत शिविर में आपदा से प्रभावित लोगों से संवाद किया। इस अवसर पर प्रभावितों को सहायता राशि के चेक और राहत सामग्रियां भी वितरित की गईं।

—— योगी आदित्यनाथ, सीएम,उप्र

पौधे हमेशा वीर शहीदों के स्मरणीय

■ ऋषिकेश (एसएनबी)।

जम्मू कश्मीर के कठुआ में शहीद हुए उत्तराखंड के पांच वीर जवानों की स्मृति में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि यह पौधे सदैव हमारे वीर शहीदों के बलिदान के लिए स्मरणीय रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान केदारनाथ की दिवंगत विधायक शैलारानी रावत को भी श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान 2 मिनट का मौन भी रखा गया।

वीर शहीदों की याद में पौधरोपण करते वित्त मंत्री।

बैराज रोड स्थित कैम्प कार्यालय मंत्री अग्रवाल ने रुद्रप्रयाग के नायब सूबेदार आनंद सिंह, पौड़ी के हवलदार कमल सिंह और राइफलमैन अनुज नेगी, टिहरी के नायक विनोद सिंह और राइफलमैन आदर्श नेगी की स्मृति में अमरूद, कटहल, जामुन, नींबू, आंवला के पौधे रोपे।

■ कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ किया पौधरोपण

इस मौके पर अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, चाहे कोई भी चुनौती क्यों न हो। देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कहा कि हमने देश के शत्रुओं को खत्म करने के लिए सशस्त्र बलों को खुली छूट दे रखी है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र राणा, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कविता शाह, मंडल अध्यक्ष सुमित पवार, शिवानी भट्ट, जयंत किशोर शर्मा, देवदत्त शर्मा, दीपक बिष्ट, शिव कुमार गौतम, विरेन्द्र रमोला, दिनेश सती, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष निर्मला उनियाल, माधवी गुप्ता, नितिन सकसेना, राजू नरसिम्हा, बृजेश शर्मा, प्रदीप कोहली, शम्भू पासवान, राम कुमार संगर, मानवेन्द्र कंडारी, नंद किशोर जाटव, सुरेंद्र कक्कड़, सोनू पांडेय, सुधा असवाल, पुनिता भंडारी, आशा शुक्ला, चंदू यादव, रूपेश गुप्ता, सुजीत यादव, अखिलेश मित्तल, विनोद भट्ट, आशीष अग्रवाल, अनामिका अग्रवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नहर का पानी सड़क पर डायवर्ट

■ रायवाला (एसएनबी)।

हरिपुरकलां में जलजीवन मिशन लोगों के लिए मुसीबत का सबब बना है। पाइप लाइन बिछाने के लिए जल संस्थान ने सिंचाई का पानी सड़क पर डायवर्ट कर दिया। हरिपुरकलां में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल हर घर जल योजना का कार्य किया जा रहा है। लेकिन कछुआ गति से योजना का काम चलने से स्थानीय लोग परेशानी झेल रहे हैं।

■ कछुआ गति से चल रही योजना से स्थानीय लोग परेशान

क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाने के लिए जल संस्थान ऋषिकेश द्वारा सिंचाई का पानी नहर से डायवर्ट कर सड़कों पर छोड़ दिया गया है। राजकीय इंटर कॉलेज के पास सिंचाई विभाग की नहर के पानी को सड़कों पर छोड़ दिया गया है। जिसके कारण लोगों को आवागमन करने में समस्या आ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता धर्मेंद्र ग्वाडी ने बताया पिछले 15 दिनों से नहर के पानी को सड़कों पर छोड़ दिया गया है। जिसके चलते सड़क पर काई जमने से लोग फिसल कर चोटिल हो रहे हैं। इसके अलावा स्कूली बच्चों व स्थानीय लोगों को आवागमन करने में समस्या हो रही है। कहा कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को समस्या के निदान के लिए कई बार कहा गया। लेकिन विभागीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से लगातार भाग रहे हैं।

पाइपलाइन बिछाने के लिए नहर के पानी को सड़कों पर डायवर्ट किया गया है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य पूरा कर लिया गया है। शुक्रवार से नहर के पानी को पूर्व की भांति कर दिया जाएगा।

अभिषेक बडोनी, ठेकेदार

नहर के डायवर्ट पानी पर चलते बच्चे।

DoIT.C
राजस्थान सरकार
सूचना प्रौद्योगिक और संचार विभाग
आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांक : F4(174)/DoIT HQ/2024/ML-215/2024 जयपुर, दिनांक : 11.07.2024

संशोधित नीलामी सूचना

योग्य e-waste लाईसेन्सधारकों से विभाग में अनुपयोगी/ अप्रचलित एवं डेड स्टॉक/ सामग्री एवं कम्प्यूटर संबंधी नकारा सामान "जहां है और जैसी स्थिति में है" के निस्तारण हेतु पत्रांक 8578545 दिनांक 02.07.2024 के द्वारा निविदा आमंत्रित की गयी थी। उक्त नीलामी में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है-

विवरण	पूर्व निर्धारित दिनांक व समय	संशोधित दिनांक व समय
निरीक्षण की अंतिम दिनांक	11.07.2024	15.07.2024 सायं 05.00 बजे तक
नीलामी प्रपत्र राशि, अमानत राशि मय तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम दिनांक	12.07.2024 दोपहर 03.00 बजे	16.07.2024 दोपहर 03.00 बजे तक

उक्त निविदा की सामग्री की संशोधित पुस्तक मूल्य राशि रुपए 23,44, 87, 245.21/- की जाती है एवं पूर्व में जारी सूची में क्रम संख्या 76 से 97 की सामग्री को विलोपित किया जाता है। शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

(संजय जगदीश कर्णिक)
संयुक्त सचिव एवं कार्यालयाध्यक्ष

Ro. Number-5949

शिरगूर महाराज मलेथा गांव से बद्रीपुर पहुंचे

साहिया (एसएनबी)। मन्नत पूरी होने पर प्रवास पर गुरुवार को शिरगूर महाराज मलेथा गांव से बद्रीपुर पंहुचे। देवता का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। लोगों ने देवपालकी पर पुष्पवर्षा कर पुण्यफल प्राप्त किया।

करीब 30 साल पूर्व बद्रीपुर निवासी विजय सिंह ने परिवार की सुख-शांति के लिए देवता को बुलाने की प्रार्थना की थी। इसके तहत गुरुवार को देवता एक रात के प्रवास पर मलेथा गांव से बद्रीपुर पहुंचे। देवता की पालकी फेडूलानी, पजिटीलानी, साहिया, कालसी, विकासनगर, हरबर्टपुर होते हुए बद्रीपुर पंहुची, जहां श्रद्धालुओं ने स्वागत किया गया। देवता एक रात प्रवास के पश्चात शुक्रवार को पुनः मन्दिर में विराजमान होंगे। देव यात्रा के दौरान देव पुजारी कुंवर दत्त, बजीर संतन सिंह, भंडारी प्रताप सिंह, जगत सिंह नेगी, जयपाल सिंह, सुजान नेगी, सुखराम, जवाहर सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

देव चिह्नों को ले जाते लोग।

UTTARAKHAND
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, नरेन्द्रनगर
Office of The Executive Engineer, C.D.P.W.D., Narendra Nagar
E-mail.-eepwdnarendranagar@ymail.com

निविदा सूचना सं. 1246/8ए. दिनांक : 11.07.2024

निविदा सूचना (e-Tendering)

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., नरेन्द्रनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा (सिंगल बिड सिस्टम) के अन्तर्गत आमंन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 18.07.2024 से उपलब्ध होगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि (₹ लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में)	निविदा की वैधता अवधि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदारों की पंजीकरण की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र नरेन्द्रनगर के अन्तर्गत गोठल -कटाखोली मार्ग की सलेथ की ओर अवशेष भाग का डामरीकरण का कार्य।	1.50 लाख	4000.00+ जी.एस.टी.	90 दिन	9 माह	मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत श्रेणी डी एवं उच्चतर

UTTARAKHAND
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो.नि.वि. चम्बा, टिहरी गढ़वाल
Office Of The Executive Engineer, Const. Division, P.W.D. Chamba (Tehri Garhwal) Pin-249145
Website-http://pwd.uk.gov.in,E-Mail-eepwdchamba@rediffmail.com

पत्रांक : 1522/2 ए.सी. दिनांक : 11.07.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग, चम्बा, (टिहरी गढ़वाल) द्वारा निम्न कार्य की सील्ड निविदा दिनांक 10.07.2024 तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र दिनांक 15.07.2024 से 24.07.2024 तक किसी भी कार्यालय से प्रातः 10.00 बजे पूर्वान्ह से सायं 4.00 बजे अपरान्ह तक निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 25.07.2024 अपरान्ह 2.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाली जा सकती है।

1. कार्यालय अधीक्षण, अभियन्ता 8वॉ वृत्त, लो.नि.वि., नई टिहरी। 2. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., चम्बा, टि.ग.। 3. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., नरेन्द्रनगर। 4. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो.नि.वि., ऋषिकेश।

प्राप्त निविदा दिनांक 25.07.2024 के अपरान्ह 04.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि., चम्बा के कार्यालय में गठित समिति द्वारा खोली जायेंगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्र साथ देखी जा सकेगी।

1. निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदार द्वारा उत्तराखण्ड, लोक निर्माण विभाग में ठेकेदारी हेतु पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं जी.एस.टी. पंजीकरण की मूल प्रति दिखाने पर ही निविदा दी जायेगी।
2. निविदा प्रपत्र के साथ रु. सौ (100.00) का नान-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रु. 1.00 के रेवन्यू टिकट के साथ निविदा की वैद्यता हेतु हस्ताक्षर कर संलग्न करना होगा।
3. निविदा की अन्य शर्तें निविदा फॉर्म के साथ उपलब्ध करायी जायेंगी, जिसे निविदादाता द्वारा हस्ताक्षर कर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

क्र. सं.	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि (रुपये)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा की वैधता	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7
1	एस.सी.एस.पी. मद के अंतर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में महेड़ा से अनुसूचित बस्ती दौड़का तक मोटर मार्ग में पहाड़ कटान का कार्य (किमी. 1.00 चैनेज 0.00 से 0.500 तक)।	Rs. 19000.00	1000.00+ 18% GST	45 दिन	03 माह	मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी-डी एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत
2	एस.सी.एस.पी. मद के अंतर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में महेड़ा से अनुसूचित बस्ती दौड़का तक मोटर मार्ग में पहाड़ कटान का कार्य (किमी. 1.00 चैनेज 0.500 से 0.1000 तक)।	Rs. 24000.00	1500.00+ 18% GST	45 दिन	03 माह	मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी-डी एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत
3	एस.सी.एस.पी. मद के अंतर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में महेड़ा से अनुसूचित बस्ती दौड़का तक मोटर मार्ग में पहाड़ कटान का कार्य (किमी. 2.00 चैनेज 1.000 से 1.500 तक)।	Rs. 20000.00	1000.00+ 18% GST	45 दिन	03 माह	मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी-डी एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत
4	एस.सी.एस.पी. मद के अंतर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में महेड़ा से अनुसूचित बस्ती दौड़का तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण का कार्य (किमी. 2.00 चैनेज 1.500 से 2.000 तक)।	Rs. 42000.00	2000.00+ 18% GST	45 दिन	03 माह	मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी-डी एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत
5	एस.सी.एस.पी. मद के अंतर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में महेड़ा से अनुसूचित बस्ती दौड़का तक मोटर मार्ग में पहाड़ कटान का कार्य (किमी. 3.00 चैनेज 2.000 से 2.550 तक)।	Rs. 21000.00	1500.00+ 18% GST	45 दिन	03 माह	मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी-डी एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत
6	जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि के अंतर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड चम्बा के अंतर्गत रानीचौरी नकोट मोटर मार्ग के किमी. 10.00 हे.मी. 6 से 8 में स्थित कॉजवे के स्थान पर 5.00 मी. स्पान की बॉक्स पुलिया का निर्माण कार्य।	Rs. 34000.00	2000.00+ 18% GST	45 दिन	03 माह	मार्ग कार्यो हेतु श्रेणी-डी एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत

(इं. जगदीश सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

एम्स में 'क्लोज द केयर गैप' कार्यक्रम कल

ऋषिकेश। मूत्र संबधी कैंसर के निदान, उपचार और प्रबन्धन के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एम्स ऋषिकेश में कल शनिवार को वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संस्थान के मुख्य सभागार में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तराखंड के राज्यपाल करेंगे। यूरोलॉजिकल कैंसर के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से एम्स ऋषिकेश में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम 'क्लोज द केयर गैप' में शनिवार को विभिन्न चिकित्सा संस्थानों के यूरोलॉजिस्ट अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रातः 11 बजे होगा। उत्तराखंड के राज्यपाल ले. जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि होंगे। यूरोलॉजी विभाग के हेड डॉ. अंकुर मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य मूत्र संबन्धी कैंसर रोगों गुर्दे, मूत्राशय, प्रोस्टेट और वृषण कैंसर आदि के बारे मे जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में कैंसर से ठीक हो चुके लोग अपने अनुभव और व्यापक देखभाल की जानकारियों को साझा करेंगे। इसके अलावा प्रतिभागियों को मूत्र रोग विशेषज्ञों के साथ परस्पर संवाद करने, प्रश्न पूछने और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त करने का अवसर भी प्राप्त होगा।

■ उत्तराखंड के राज्यपाल करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन

डॉ. मित्तल ने बताया कि इस अवसर पर मूत्र रोग संबन्धी कैंसर के मामलों पर लिखी पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा और आम लोगों के सुविधार्थ यूरोलॉजी विभाग द्वारा एक हेल्प लाईन नम्बर भी जारी किया जाएगा। कार्यक्रम का लाईव प्रसारण एम्स यू-ट्यूब चैनल पर भी प्रसारित किया जाएगा।

दो वाहनों की टक्कर

देवप्रयाग। ऋषिकेश,-बदरीनाथ राजमार्ग पर राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग के निकट दो वाहनों की टक्कर में एक वाहन खाई में जा गिरा। इस हादसे में चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक का रेस्क्यू कर उपचार के लिए श्रीनगर बेस अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि बुधवार रात दो वाहनों की राजकीय महाविद्यालय के निकट जबरदस्त टक्कर हो गई। इनमें एक वाहन सब्जी लेकर ऋषिकेश से गोपेश्वर जा रहा था। दूसरा कैंटर श्रीनगर से ऋषिकेश जा रहा था। टक्कर से कैंटर खाई में पलट गया। इस हादसे में चालक राहुल (22) पुत्र जगवीरनाथ वनगांव वन चौरा थाना धरासू जिला उत्तरकाशी घायल हो गया। पुलिस ने चालक को खाई से निकाल बेस अस्पताल भेजा गया।

ICICI Home Finance
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी – कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई–400059, भारत
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, आशीर्वाद टावर, माडल कालोनी, निकट रानीपुर मोड़, हरिद्वार–249407
शाखा कार्यालय : शोरूम नंबर 301, तृतीय तल, श्रीराम आर्केड, पुराना म्युनिसिपल नंबर 74, राजपुर रोड, देहरादून पिन : 248009

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल आस्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका सांकेतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/सह–कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	अनिल कुमार (कर्जदार), संजीता देवी (सह–कर्जदार) LHHWR00001474479	सम्पत्ति आवासीय भूखंड खसरा नंबर 95, स्थित इंदु एन्क्लेव, ग्राम जमालपुर कला परगना ज्वालापुर, तहसील और जिला हरिद्वार	रू. 6,56,838/- 24–06–2024	रू. 6,76,800/- / रू. 67,680/-	05.08.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	14.08.2024 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक
2.	विराट पचौरी (कर्जदार), आकांक्षा पचौरी (सह–कर्जदार), मुन्ना लाल पचौरी (सह–कर्जदार), NHDEH00001295074	खसरा नंबर 18ख तथा अन्य, मसूरी डायवर्जन रोड, मौजा किशनपुर, परगना पचवादून, तहसील सदर, जिला देहरादून में पैसीफिक हिल्स के डी ब्लॉक में भू तल पर आवासीय फ्लैट नंबर डी–005	रू. 52,53,894/- 24–06–2024	रू. 62,32,500/- / रू. 6,23,250/-	05.08.2024 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	14.08.2024 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 13–08–2024 के अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित चुकाने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, आशीर्वाद टावर, माडल कालोनी, निकट रानीपुर मोड़, हरिद्वार–249407 में 13–08–2024 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, शोरूम नंबर 301, प्रथम तल, आशीर्वाद टावर, माडल कालोनी, निकट रानीपुर मोड़, हरिद्वार–249407 में 13–08–2024 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड–नीलामी" के पक्ष में देहरादून में देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 9920807300 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 12–07–2024
स्थान : हरिद्वार, देहरादून
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी कल्जीखाल गढ़वाल

पत्रांक : 260/2-लेखा/सांसद निधि/विज्ञप्ति/2024-25 दिनांक : 08.07.2024

विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा विकास खण्ड कल्जीखाल में सांसद निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु विकास खण्ड कल्जीखाल के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 30.07.2024 की सायं 2 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे दिनांक 30.07.2024 को सायं 4 बजे विकास खण्ड की गठित कमेठी के द्वारा निविदाताओं/उनके जनप्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेगी निविदा से संबंधित अधिकार खण्ड विकास अधिकारी के पास सुरक्षित है। निविदा प्रपत्र विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 30.07.2024 के अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	स्वीकृत धनराशि	धरोहर धनराशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण होने की अवधि
01	विकास खण्ड कल्जीखाल के अन्तर्गत ग्राम चोपडा पल्लीसैण में शैड ओर पुस्ता निर्माण।	500000	10000	1770/ वैट सहित	03 माह
02	कल्जीखाल बाजार में मिलन केन्द्र निर्माण।	500000	10000	1770/ वैट सहित	03 माह
03	ग्राम नैथाना में एक कक्ष निर्माण।	500000	10000	1770/ वैट सहित	03 माह

1. निविदा की शर्तें:-
1. धरोहर धनराशि स्वीकृत धनराशि के 2 प्रतिशत की सी.डी.आर. खण्ड विकास अधिकारी कल्जीखाल के नाम बन्धक होनी अनिवार्य है।
2. निविदा प्रपत्र के साथ नान ज्यूडिशियल रु. 100/ का स्टाम्प पेपर लगा होना अनिवार्य है जिस पर 1 रु. का रसीदी टिकट लगा होना चाहिए ठेकेदार के हस्ताक्षर एवं स्पष्ट पता होना चाहिए।
3. निविदा पूर्ण रुप से बन्द लिफाफे में बन्द होनी चाहिए निविदा का खुला लिफाफा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. उक्त कार्यो हेतु अतिरिक्त धनराशि किसी भी दशा में इस स्तर से स्वीकृत नहीं की जायेगी।
5. विभाग के पास एक निविदा या सभी निविदाये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
6. निविदा मात्र विकास खण्ड कल्जीखाल के पंजीकृत ठेकेदारों से ही प्राप्त की जायेगी।
7. कार्य पर समस्त कटौतियों का चालान ठेकेदार द्वारा लगाया जायेगा जिसकी चालान की प्रति कार्यालय में जमा करनी होगी।
8. कार्य पूर्ण होने पर कार्य का परिसम्पत्ति प्रमाण पत्र एवं कार्य के तीन स्टेजों (कार्य प्रारम्भ का फोटोग्राफ, कार्य के बीच का फोटोग्राफ, कार्य के पूर्ण होने का बोर्ड सहित फोटोग्राफ) के फोटोग्राफ दो प्रतियों में कार्यालय में जमा करने होगे तभी अन्तिम भुगतान किया जायेगा। मापांकन अधिक होने की स्थिति में स्वीकृत धनराशि के बराबर ही भुगतान किया जायेगा।

(गंगा प्रसाद लखेडा)
खण्ड विकास अधिकारी
कल्जीखाल गढ़वाल

बिक्री एवं विपणन सूचना: शत प्रतिशत जल में घुलनशील उर्वरक मिश्रण के लिए

कृषि सहयोग और किसान कल्याण विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी आदेश संख्या एस.ओ. 2900 (ई) दिनांक 24 अक्टूबर, 2015 और इसके संशोधन दिनांक 30 दिसंबर 2017 के अनुसरण में मेसर्स श्रीराम एगस्मार्ट लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय द्वितीय तल, (पश्चिम विंग), वर्ल्ड मार्क -1, एरोसिटी, नई दिल्ली - 110037 भारत (डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की सहायक कंपनी) द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि यह नीचे दिए गए विनिर्देशों के अनुसार जल में शत प्रतिशत घुलनशील ग्रेड वाले उर्वरक के मिश्रण को बेचने का प्रयोजन है।

Sl No.	Grades	'NPK 18:18:18	'NPK 14:05:29	'NPK 05:09:35	'NPK 11:40: 11	'NPKS 13:10: 31:4	'NPKS 08:06: 39:5	'NPKS 05:10: 39:4	'NPK 10:36:16	'NPKS 0:16: 15:10	'NPKS 17:14: 16:5	'NPKS 13:12: 30:4	'NPK 12:42: 13	'NPKS 0:12: 40:10	'NPKS 8:35: 16:4
1	Moisture per cent by weight, Maximum	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5
2	Total Nitrogen per cent by weight, Minimum	18	14	5	11	13	8	5	10	0	17	13	12	0	8
3	Water Soluble Phosphates (as P2O5) per cent by weight, Minimum	18	5	9	40	10	6	10	36	16	14	12	42	12	35
4	Water Soluble Potash (as K2O) per cent by weight, Minimum	18	29	35	11	31	39	39	16	15	16	30	13	40	16
5	Water Soluble Sulphur as Sulphate per cent by weight, Minimum					4	5	4		10	5	4		10	4
6	Boron (as B) per cent by weight, Minimum														
7	Total Chloride per cent by Weight, Maximum	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5	1.5
8	Matter Insoluble in water per cent by weight, Maximum	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5
9	Sodium (as NaCl) per cent by weight, Maximum	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5	0.5
10	Lead (as Pb) per cent by weight, Maximum	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003	0.003
11	Cadmium (as Cd) per cent by weight, Maximum	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025	0.0025
12	Arsenic (as As) per cent by weight, Maximum	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01	0.01

मात्रा , प्रयोग विधि और लाभों के बारे में अधिक जानकारियों क लिए, कृपया नीचे दिए गए कार्यालय से संपर्क करें
विपणन कार्यालय का पता और संपर्क विवरण: श्रीराम एगस्मार्ट लिमिटेड
प्लॉट नं 82, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 32, गुरुग्राम - 122003, हरियाणा (भारत), सीआईएन संख्या: U24232DL2022PLC401518, ग्राहक सेवा नंबर. 0120 - 4040188, ईमेल: info@shriramagsmart.com, वेबसाइट: www.dcmshriram.com